यूपी में दुग्ध उत्पादों के छह प्लांट बनेंगे

अजित खरे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इस साल से नए डेयरी प्लांट काम शुरू कर देंगे। छह शहरों में 3182 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के लिए तैयार हैं। इनमें ज्यादातर तो साल के अंत तक उत्पादन शुरू करने की स्थिति में हैं। यह जिले बागपत, बाराबंकी, हापुड़, बुलंदशहर व बरेली हैं।

हाल में औद्योगिक विकास विभाग ने प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के तैयार हो रहे प्रोजेक्ट की समीक्षा की। उसमें पता चला कि 103 प्रोजेक्ट पूरी तरह तैयार हैं। बागपत में जहां नए डेयरी प्लांट के लिए जमीन खरीद ली गई और उसका भूपरिवर्तन का काम हो रहा है। सीपी मिल्क कंपनी को डेयरी प्रोडेक्ट को सुरक्षित रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज बना रहा है। हापुड़ में डेयरी प्रोडेक्ट यूनिट लग गई है और यहां उत्पादन शुरू हो गया है। बरेली में चीज प्रोसेसिंग यूनिट लगने जा रही है। फरवरी में हुई ग्लोबल निवेशक सम्मेलन में डेयरी सेक्टर से जुड़े 1063 एमओयू साइन हुए थे।

यूपी में इस साल लगने वाले डेयरी प्लांट

कंपनी	जिला	निवेश(करोड़ रुपये)
बनासकांठा (अमूल)	बागपत	800
सीपी मिल्क फूड प्रोडेक्ट	बाराबंकी	300
गोपाल जी डेयरी	हापुड़	252
क्रीमी फूडस लिमिटेड	बुलंदशहर	250 .70
डेयरी क्राफ्ट इंडिया	बरेली	212
महान मिल्क	हाथरस	250
रिंकू डेयरी	बरेली	490

नोट : 22 अगस्त 2023 तक की स्थिति